मुख्य जनसंपर्क अधिकारी का कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

प्रेस विज्ञप्ति

**जामिया के कुलपति और कुलसचिव ने की माननीय शिक्षा मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान जी से मुलाकात**

नई दिल्ली, 28 मई, 2025

जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) के कुलपति, प्रो. मज़हर आसिफ़ और कुलसचिव, प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिज़वी ने कल माननीय शिक्षा मंत्री, श्री धर्मेंद्र प्रधान जी से मुलाकात की और उन्हें विश्वविद्यालय में हो रहे विभिन्न शैक्षणिक और अन्य विकास कार्यों से अवगत कराया।

मुलाकात के दौरान, कुलपति और कुलसचिव ने माननीय मंत्री जी को बताया कि विश्वविद्यालय ने दंत चिकित्सा संकाय ने स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है और उन्होंने शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिए गए उदार वित्तीय समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया। उन्होंने दंत चिकित्सा संकाय को सुदृढ करने के लिए उनके निरंतर प्रोत्साहन और प्रतिबद्धता के लिए श्री धर्मेंद्र प्रधान जी के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। प्रो. आसिफ और प्रो. रिजवी ने माननीय शिक्षा मंत्री को जेएमआई की आवासीय कोचिंग अकादमी के शानदार प्रदर्शन से भी अवगत कराया, उन्होंने कहा कि हर साल जेएमआई के आरसीए में प्रशिक्षित 30 से अधिक छात्र प्रतिष्ठित यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होते हैं और आईएएस, आईपीएस, आईआरएस और लेखा परीक्षा और लेखा सेवा, भारतीय वन सेवा जैसी शीर्ष सेवाओं में शामिल होते हैं, जिससे देश की प्रगति में योगदान मिलता है।

बैठक में विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति भी चर्चा का एक प्रमुख बिंदु रही। जेएमआई के कुलपति और कुलसचिव ने उच्च शिक्षा वित्तपोषण एजेंसी (एचईएफए) के तहत विकास परियोजनाओं की प्रगति का ओवरव्यू प्रस्तुत किया और इन परियोजनाओं की असंतोषजनक गति पर चिंता व्यक्त की।

अपने शैक्षणिक कैनवास के विस्तार के लिए जेएमआई की प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए, उन्होंने नये विभागों की स्थापना के प्रस्ताव भी माननीय मंत्री के साथ चर्चा में प्रस्तुत किए और उन पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, उन्होंने जेएमआई में एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना पर भी एक उपयोगी चर्चा की, जिस पर माननीय मंत्री ने अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया और उन्हें हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

बैठक का समापन विश्वविद्यालय के आगामी दीक्षांत समारोह पर चर्चा के साथ हुआ, जिसमें इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किए जाने वाले संभावित गणमान्य व्यक्तियों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, कुलपति और कुलसचिव ने इस पर श्री प्रधान जी से सहयोग और सलाह मांगी। माननीय मंत्री ने विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना की और प्रोफेसर आसिफ़ और प्रोफ़ेसर रिज़वी को जेएमआई की वर्तमान और भविष्य की पहलों के लिए अपने अटूट समर्थन का आश्वासन दिया। उन्होंने जेएमआई के जीवंत शैक्षणिक माहौल को देखने के लिए निकट भविष्य में जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दौरा करने का भी वादा किया।

प्रो. साइमा सईद
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
जामिया मिल्लिया इस्लामिया